भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

17.07.2019 के

अतारांकित प्रश्न सं. 4016 का उत्तर

लक्जरी रेलगाड़ियां

4016. डॉ॰ निशिकांत दुबेः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि कई लक्जरी रेलगाड़ियां क्षमता से कम चल रही हैं और अपने स्वयं के प्रचालन के खर्चों को पूरा करने के लिए राजस्व पैदा नहीं कर रही हैं; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) और (ख): भारतीय रेल पर परिचालित किए जा रहे लक्जरी रेलगाड़ियां राज्य पर्यटन निगमों जैसे राजस्थान पर्यटन विकास निगम, कर्नाटक पर्यटन विकास निगम, महाराष्ट्र पर्यटन विकास निगम और इंडियन रेलवे कैटरिंग एण्ड टूरिज्म कारपोरेशन द्वारा प्रबंधित की जा रही है जो इन गाड़ियों से राजस्व सृजित करने और उनके खर्चों को पूरा करने के लिए जिम्मेवार हैं।

इन कारपोरेशनों से संग्रह किए गए आंकड़े के अनुसार, इन गाड़ियों की अधिभोगिता का प्रतिशत बढ़ते हुए प्रवृति को दर्शाता है।

****

mm